पीडब्ल्यूआर

पीआर नंबर 76211

सुपरमाइक्रो एक डलास

सुपरमाइक्रो ने एचपीसी की व्यापक रेंज में पावर ब्रेकथ्रू के लिए अधिकतम परफॉर्मेंस पेश किया

डलास, 13 नवंबर, 2018, पीआरन्यूजवायर– एशियानेट।

– पेटास्केल ऑल–फ्लैश एनवीमी, बिगट्विन (टीएम), सुपरब्लेड (आर) और एआई तथा डीप लर्निंग के लिए जीपीयू सिस्टम्स समेत एससी18 में उद्योग का एचपीसी सिस्टम का व्यापक चयन शामिल है।

इंटरप्राइज कंप्यूटिंग, स्टोरेज, नेटवर्किंग समाधानों और ग्रीन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी में वैश्विक अग्रणी कंपनी सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. (एसएमसीआई) आज सुपरकंप्यूटिंग 2018 (एससी18) में नए हाई–परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) सिस्टम्स का उद्योग का व्यापक चयन प्रदर्शित कर रही है, जिसका आयोजन 13 से 15 नवंबर के दौरान के बेली हचिसन कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है। सुपरमाइक्रो अपनी बूथ संख्या 3006 पर प्रतिदिन कई स्पीकर सत्रों का भी आयोजन कर रही है जिसमें इंटेल, एनवीडिया और एएमडी के प्रतिनिधि शामिल हैं। एससी18 में सुपरमाइक्रो से संबंधित विस्तृत कार्यक्रम और अधिक जानकारी के लिए देखें https://www.supermicro.com/SC18.

सुपरमाइक्रो के अध्यक्ष एवं सीईओ चार्ल्स लियंग ने कहा, "एक हार्डवेयर समाधान कंपनी के तौर पर हम 10 साल के लाइफसाइकिल चेसिस, पावर सप्लाई, फैन्स और अन्य सबसिस्टमों के विकास समेत अपने संसाधन बचत सर्वर, जीपीयू और स्टोरेज समाधानों में भारी निवेश कर रहे हैं ताकि अंतिम उपभोक्ताओं की ऊर्जा लागत और हार्डवेयर अधिग्रहण लागत दोनों की बचत हो सके और साथ ही आईटी अवशिष्ट भी कम हो सके। टीसीई (पर्यावरण की कुल लागत) से आंकी गई संसाधन बचत डाटासेंटर निवेश के लिए जारी उत्कृष्ट टीसीओ का मिश्रण है जबकि साथ ही इन डाटा सेंटरों के पर्यावरण प्रभावों को न्यूनतम करता है। इसके अलावा सुपरमाइक्रो का टेक्नोलॉजी नवोन्मेषण और बाजार में समयबद्ध नेतृत्व जारी रखते हुए हमारे पेटास्केल 1यू एनवीमी समाधान ग्राहकों तक आज महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी लाभ के साथ बड़ी मात्रा में पहुंचाए जाते हैं।"

ऑल–फ्लैश एनवीमी (टीएम) (नॉन–वोलाटाइल मेमोरी एक्सप्रेस) 1यू स्टोरेज सर्वरों की नई पेटास्केल लाइन में सर्वोच्च स्टोरेज डेंसिटी और सर्वश्रेष्ठ आईओपीएस परफॉर्मेंस के साथ सबसे कुशल, अगली पीढ़ी की फ्लैश टेक्नोलॉजी शामिल हैं। यू.2, इंटेल रूलर, सैमसंग एनएफ1 और ईडीएसएफएफ फार्म फैक्टर एसएसडी का सपोर्ट

करने वाले सिस्टमों के साथ सुपरमाइक्रो उच्च क्षमता के नेटवर्क्ड स्टोरेज अनुप्रयोगों के लिए अभूतपूर्व फ्लेक्सिबिलिटी और विकल्प देती है जिसकी सर्वश्रेष्ठ लेटेंसी परफॉर्मेंस में जरूरत पड़ती है और यह उपभोक्ताओं को डाटा–इंटेंसिव एचपीसी वर्कलोड के साथ रियल टाइम–टु–वैल्यू लाभ देती है।

एचपीसी अनुप्रयोग जटिलता में भी बढ़ते रहते हैं क्योंकि ये नए वैज्ञानिक दृष्टिकोणों को खोलते हैं। सुपरमाइक्रो का नया एनवीडिया (आर) एचजीएक्स–2 आधारित सुपरसर्वर, 9029जीपी–टीएनवीआरटी 80,000 से अधिक क्यूडा कोर का लाभ उठाने के लिए एनवीडिया एनवीलिंक (टीएम) और एनवीस्विच (टीएम) के जरिये जुड़े 16 एनवीडिया टेस्ला (आर) वी100 टेंसर कोर 32जीबी जीपीयू का सपोर्ट करता है और क्लाउड में केंद्र पर एआई तथा एचपीसी को गति देते हुए असाधारण परफॉर्मेंस देता है। यह नया सिस्टम 2 पेटाफ्लॉप्स का परफॉर्मेंस देता है और रैक स्पेस का महज 10 यूनिट घेरता है।

डाटा सेंटर में एआई तथा एचपीसी अनुप्रयोगों के प्रतिस्थापन को सरलीकृत करने में मदद के लिए सुपरसर्वर 4029जीपी–टीवीआरटी एनजीसी– तैयार है। ग्राहक अब एनजीसी कंटेनर रजिस्ट्री से जीपीयू–गतिशील सॉफ्टवेयर चला सकते हैं जिनमें 4039जीपी–टीवीआरटी पर पूरे विश्वास के साथ नई मशीन लर्निंग और विश्लेषक कंटेनरों के साथ विस्तारित एचपीसी और एआई सॉफ्टवेयर लाइब्रेरी भी शामिल हैं, जो कि एनवीडिया एनवीलिंक के साथ आठ टेस्ला वी100 जीपीयू से लैस 4यू सिस्टम है।"

सबसे लोकप्रिय इनफेरेंस वर्कलोड संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया सुपरमाइक्रो का नया सुपरसर्वर 6049जीपी– टीआरटी आधुनिक एआई के लिए जरूरी उत्कृष्ट प्रदर्शन देता है। यह 4यू सिस्टम ट्यूरिंग टेंसर कोर टेक्नोलॉजी, तीन टेराबाइट्स मेमोरी और 24 हॉट–स्वैपेबल 3.5 इंच ड्राइव के साथ 20 एनवीडिया टेस्ला टी4 जीपीयू तक को सपोर्ट करते हुए अधिकतम जीपीयू डेंसिटी और परफॉर्मेंस हासिल करता है। इस सिस्टम में ऑप्टिमल पावर एफिशियंसी, अपटाइम और सेवा क्षमता देने के लिए चार 2000–वाट की टाइटेनियम स्तरीय प्रभावशीलता (2 प्लस 2) पर्याप्त पावर सप्लाई भी शामिल है।

2यू 4–नोड डिजाइन में अधिकतम परफॉर्मेंस और प्रभावशीलता देते हुए सुपरमाइक्रो बिगट्विन (टीएम) सिस्टम (http://www.supermicro.com/products/nfo/BigTwin.cfm ) इंटेल (आर) झियोन (आर) स्केलेबल प्रोसेसरों, 24 डीआईएमएम, छह हॉट–स्वैपेबल ऑल–फ्लैश एनवीमी तक या हाइब्रिड एनवीमी/ एसएएस3 ड्राइव बे और तीन पीसीआई–ई 3.0 स्लॉट तक का सपोर्ट करता है जिसमें प्रति नोड 100/40/25/10/1जी नेटवर्किंग विकल्पों को सक्षम बनाते हुए एक फ्लेक्सिबल एसआईओएम मॉड्यूल को सपोर्ट भी शामिल है। विश्वसनीयता और प्रभावशीलता

के लिए पर्याप्त 2600डब्ल्यू/2200 डब्ल्यू टाइटेनियम लेवल (96 फीसदी से अधिक) डिजिटल पावर सप्लाई मानकीकृत होती है। सुपरमाइक्रो बिगट्विन सिस्टमों की शृंखला की भी पेशकश करती है जो ऑल–फ्लैश एनवीमी मॉडल समेत एएमडी ईपीवाईसी (टीएम) 7000–सीरीज प्रोसेसरों की पूर्ण रेंज का सपोर्ट करते हैं।

सुपरमाइक्रो एससी18 में विशाल प्लेटफॉर्मों का प्रदर्शन कर रही है जिसमें संसाधन बचत टेक्नोलॉजी शामिल है और यह व्यापक स्तर पर वर्कलोड को पूरा करता है। नया अलग किया गया सुपरब्लेड (आर) बड़े सर्वर सबसिस्टमों के बीच अंतर निर्भरता को दूर करता है जिससे सीपीयू, मेमोरी, आई/ओ, एनक्लोजर, स्टोरेज, पावर और कूलिंग का स्वतंत्र अपग्रेड सक्षम हो पाता है। अब प्रत्येक अवयव परफॉर्मेंस तथा प्रभावशीलता में अधिकतम पीढ़ीगत सुधार लाने के लिए अनुकूल समय पर रिफ्रेश किया जा सकता है। सुपरब्लेड (आर) प्रति रैक 495 टीएफएलओपीएस तक अधिकतम परफॉर्मेंस, बीस 2–सॉकेट या प्रति 8यू एनक्लोजर दस 4–सॉकेट इंटेल (आर) झियोन (आर) स्केलेबल प्रोसेसर आधारित ब्लेड सर्वरों के साथ उच्च डेंसिटी, एकीकृत 100जी ईडीआर इनफिनीबैंड के साथ तीव्र इंटरकनेक्ट, 100जी ओम्नी–पाथ या 25जी स्विचेज देता है और प्रति नोड 14 एनवीमी डिवाइस तक का सपोर्ट करता है। अनुकूल विश्वसनीयता और पावर एफिशियंसी के लिए सुपरब्लेड (आर) पर्याप्त 2200–वाट टाइटेनियम लेवल (96 फीसदी) डिजिटल पावर सप्लाई, 2000–वाट डीसी पावर सप्लाई और 1200–वाट बैटरी बैकअप पावर (बीबीपी) मॉड्यूल्स को सपोर्ट करता है।

ताजा समाचार और घोषणाओं के बारे में जानकारी के लिए सुपरमाइक्रो को फेसबुक (https://www.facebook.com/Supermicro) और ट्विटर (http://twitter.com/Supermicro_SMCI) पर फॉलो करें।

सुपरमाइक्रो कंप्यूटर, इंक. ( एसएमसीआई) के बारे में

उच्च निष्पादन तथा उच्च प्रभावशीलता वाली सर्वर टेक्नोलॉजी में अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी सुपरमाइक्रो (आर) पूरी दुनिया में डाटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरप्राइज आईटी, हडूप–बिग डाटा, एचपीसी तथा एम्बेडेड सिस्टम्स के लिए एडवांस्ड सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस (आर) की एक शीर्ष प्रदाता कंपनी है। सुपरमाइक्रो  अपनी ''वी कीप आईटी ग्रीन (आर)'' मुहिम के जरिये पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और ग्राहकों के लिए बाजार में उपलब्ध सबसे ऊर्जा प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधान पेश करती है।

सुपरमाइक्रो, बिगट्विन, सुपरब्लेड, सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस तथा वी कीप आईटी ग्रीन ये सभी सुपर माइक्रोकंप्यूटर, इंक. के व्यापार चिह्न तथा या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।

अन्य सभी ब्रांड, नाम और व्यापार चिह्न संबंधित स्वामित्व की संपत्तियां हैं।

मीडिया संपर्क

माइकल केलोद्रिच

सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.
PR@supermicro.com

एसएमसीआई–एफ

स्रोतः सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.

पीआरन्यूजवायर– एशियानेटः रंजन